प्रेस नोट 25.02.2021

गैंगेस्टर एक्ट में वांछित 02 अभियुक्त गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री सुशील घुले के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 25.02.2021 को थाना **सरायलखंसी** पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान कन्धेरी के पास से मु0अ0सं0 24/21 धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त सदीक पुत्र छटंकी, हुसैन उर्फ तेली पुत्र वकील निवासीगण मुंगेसर थाना सरायलखंसी जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–

आज दिनांक 25.02.2021 को थाना **हलधरपुर** पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान मु0अ0सं0 52/21 धारा 34,64,68 आबकारी अधि0 व 419,420,468.471,120बी भादवि0 में वांछित अभियुक्त शौकत अली पुत्र मालिक जान निवासी लसरा थाना हलधरपुर, तथा मु0अ0सं0 53/21 धारा 376,328 भादवि0 मे वांछित अभियुक्त मुकेश कुमार पुत्र चंद्रमा प्रसाद राम निवासी इटैली थाना हलधरपुर जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

शांति भंग की आशंका में 17 व्यक्ति गिरफ्तार–

आज दिनांक 25.02.2021 को जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना **दक्षिणटोला** पुलिस द्वारा राजबहादुर, मोनू यादव निवासीगण दशई पोखरा, रामअवध निवासी दतौली खिल्ला थाना दक्षिणटोला, थाना **दोहरीघाट** पुलिस द्वारा सुभम, अजय प्रकाश निवासीगण महरूपार थाना दोहरीघाट, थाना **कोतवाली** पुलिस द्वारा सोहन साहनी निवासी भीटी थाना कोतवाली, थाना **मुहम्मदाबाद** पुलिस द्वारा संदीप उर्फ सत्यप्रकाश, महेश निवासीगण फैजुल्लाहपुर थाना कोपागंज, राजाराम, सुमित्रा, कोशिल्या, करिश्मा, गोपाल निवासीगण सैदपुर, सतीष, सूरज निवासीगण जमीन बरामदपुर थाना मुहम्मदाबाद, थाना **सरायलखंसी** पुलिस द्वारा श्याम, अजीत निवासीगण पिजड़ा थाना सरायलखंसी जनपद मऊ को अन्तर्गत धारा 151 सीआरपीसी गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

पुलिस उपमहानिरीक्षक आजमगढ़, परिक्षेत्र आजमगढ़ श्री सुभाष चन्द्र दूबे द्वारा जनपद मऊ भ्रमण कार्यक्रम के अन्तर्गत आज दिनांक 25.02.2021 को पुलिस लाइन का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम महोदय द्वारा परेड की सलामी ली गयी तत्पश्चात गार्द का टर्नआउट चेक किया गया। पुलिस लाइन स्थित शाखाओं का निरीक्षण किये जाने के क्रम में क्वाटर गार्द, शस्त्रागार, भोजनालय, आरओं प्लांट, सीसीटीएनएस, फिल्ड युनिट, भोजनालय, बैरिकों आदि का गहन निरीक्षण कर रजिस्टरों/रिकार्डो के रखरखाव, साफ–सफाई के सम्बन्ध में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये। साथ ही निर्माणाधीन भवन/बैरक का निरीक्षण किया गया एवं गुणवत्ता बनाये रखते हुए उसे पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। अपराध/अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण व आगामी चुनाव के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक मऊ, अपर पुलिस अधीक्षक मऊ ,समस्त क्षेत्राधिकारी एवं समस्त थानाध्यक्षो के साथ गाष्ठी कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये। इस दौरान महोदय द्वारा पुलिस पेंशनरों के साथ गाष्ठी की गयी कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा उसके निस्तारण हेतु सम्बधित को निर्देशित किया गया।

साथ ही साथ महोदय द्वारा जनपद के एक ग्रामीण थानें के निरीक्षण किये जाने के क्रम में थाना मधुबन का वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान थाना परिसर में घुम–फिर कर परिसर की साफ–सफाई, थाना कार्यालय के रजिस्टरों/रिकार्डो के रखरखाव, बैरिक, भोजनालय, शस्त्रागार आदि का जायजा लिया गया तथा पायी गयी कमियों को जल्द से जल्द दुर करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।